## रिमझिम बारिश में ही बीत रहा जून माह, बोवनी का कार्य भी पिछड़ रहा

# मानसून की बेरूखी: उमस से राहत नहीं किसानों को भी झमाझम का है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मानसून की दस्तक के बाद भी जिले में इस वर्ष बारिश मेहरबान होती नहीं दिखाई दे रही है। जून माह बीतने को आया लेकिन अभी तक झमाझम बारिश नहीं हुई। अच्छी बारिश नहीं होने से जहां खेती किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा है वहीं दूसरी ओर उमस भरी गर्मी से आमजनों को राहत मिलती नहीं दिख रही। मानसूनी बरसात की बेरुखी को देखते हुए किसानों को भी बोवनी का कार्य पिछड़ने की चिंता सता रही है। हालांकि बादलों की जमघट से अभी झमाझम की उम्मीद बनी हुई है। इन्द्रदेव के रूठने से किसान खेतों में बोवनी का कार्य नहीं कर पा रहा है। आसमान को टकटकी लगाकर देखने वाले किसानों की उम्मीद भी अच्छी बरसात पर लगी है।

मानसून की बेरूखी ने किसानों को बेचैन कर दिया है। बारिश नहीं होने से खेतों ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। आसमान पर भले ही बादलों की आवाजाही बनी रहती हो पर, लेकिन बरसात के निकलने वाले इन बादलों ने खरीफ की फसल की बोवनी पर संकट के बादल जरूर मंडरा दिए हैं। क्षेत्र में कृषि कार्य पिछड़ता जा रहा है। रोपाई व अन्य कृषि कार्यों के लिए किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है।

जिले में अच्छी बारिश नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। बड़ी संख्या में क्षेत्र में ऐसे किसान हैं, जिनके पास सिंचाई की सुविधा नहीं और उनके लिए कृषि कार्य पूरी तरह से बारिश पर निर्भर है। शुरूआती दिनों में हुई अच्छी बारिश की उम्मीद के साथ किसानों ने खेती की तैयारी शुरू कर दी थी ऐसे किसान अब भी अच्छी बारिश का होने का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि कुछ दिनों में झमाझम बारिश नहीं होती तो बोवनी का कार्य पिछड़ सकता है।

बादलों के उमड़ने-घुमड़ने के बावजूद मॉनसून की बारिश जिले में नहीं होने से न सिर्फ किसान परेशान हैं बल्कि आमजनों को भी उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। उमस भरी इस गर्मी में बिजली की आंख मिचौनी का खेल भी जारी है। इससे भी खेती कार्य पर असर पड रहा है। खेती के लिए बिजली उपलब्ध कराने की जरूरत है इससे किसानों को लाभ मिल सकता है लेकिन किसानों को भी बिजली कटौती में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### उमस भीर गर्मी कर रही बेचैन

प्रदेश के अधिकतर जिलों में मानसून की इंट्री हो गई लेकिन जिले में अभी अच्छी बारिश का इंतजार है। लोग गर्मी के कारण न केवल परेशान हो रहे हैं बल्कि बीमारियों का भी शिकार हो रहे हैं। डायरिया, दस्त के साथ चर्म रोग की समस्या से ग्रसित हो रहे हैं। अधिक पसीना निकलने से लोग डिहाइड्रेशन का शिकार हो रहे हैं। कूलर की हवा भी उमस को नहीं दूर कर पा रही है। लोगों को छांव में भी राहत नहीं मिल रही है। रात में भी कमोवेश यही हालात हैं।

## कलेक्ट्रेट, जिपं कार्यालय परिसर में लगी धारा 144

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अवि प्रसाद ने कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत कटनी कार्यालय में जूलूस, आम सभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालीन कार्य प्रभावित होने की संभावना एवं परिशांति भंग होनें को दृष्टिगत रखते हुए दण्ड संहिता की धारा 144 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कार्यालय कलेक्टर एवं जिला पंचायत कटनी के परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थल, जूलूस, नारेबाजी आदि गतिविधियों हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। इस दौरान कोई भी राजनैतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई आंदोलनकारी द्वारा इस परिसर में सभा जूलूस नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुये 100 मीटर की परिधि मे प्रतिबंधित किया गया है।

### ध्वनि विस्तारक यंत्र, जुलूस, आमसभा और नारेबाजी प्रतिबंधित

जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर मे जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने के 03 दिवस पूर्व उप खण्ड मजिस्ट्रेट, कटनी से विधिवत लिखित मे अनुमति प्राप्त करेगा एवं सूचित करना आवश्यक होगा। ज्ञापन सौंपे जाने हेतु कलेक्टर परिसर के मुख्य द्वार (मेन गेट नं. 1) पर 50 व्यक्ति, संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंप सकेंगे, 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाये रखते हुये कलेक्टर कार्यालय के मेन गेट पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंप सकेंगे। आदेश के उल्लंघन होने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश आगामी दो माह तक की अवधि के लिये प्रभावशील होगा।

## खबर संक्षेप

### ढीमरखेड़ा के तत्कालीन सीईओ पर लगा जुर्माना

**कटनी।** लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के अंतर्गत जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा विवाह सहायता योजना के तहत लाभ प्रदान करने का आवेदन समय-सीमा मे निराकृत नहीं करने पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने 500 रूपये का जुर्माना लगाया है। आवेदिका उषा गर्ग निवासी ग्राम ईमलिया जनपद पचांयत ढीमरखेड़ा ने विवाह सहायता योजना का लाभ पाने हेतु 15 फरवरी 2022 को लोक सेवा केन्द्र में आवेदन पंजीकृत किया था। नियमों के तहत 10 मार्च 2022 तक इसका निराकरण किया जाना था। लेकिन इनके आवेदन की हार्ड कापी प्राप्त नहीं होने के आधार पर आवेदन निरस्त कर दिया गया। इस पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने बिना पर्याप्त तथा युक्तियुक्त कारण से सेवा प्रदाय करने मे असफल रहने पर तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद कुमार पाण्डेय पर एक मुश्त राशि 500 रूपये की शास्ति अधिरोपित की है।

### स्ट्रेचर नहीं मिला तो हाथ ठेला में ले गए मरीज को



**कटनी।** जिला अस्पताल में अव्यवस्थाएं कोई नई बात नहीं है। यहां आये दिन किसी न किसी अव्यवस्थाओं के नजारे आसानी से देखे जा सकते हैं। हद तो इस बात की है कि अस्पताल प्रबंधन और प्रशासनिक अधिकारी इस दिशा में कोई भी सार्थक पहल नहीं कर रहे हैं। सड़क हादसे का शिकार हुए युवक को कुछ लोग शासकीय जिला अस्पताल से हाथ ठेले में ले जाते हुए दिखाई दिए हैं। जानकारी के मुताबिक रीवा जिला निवासी पुष्पेंद्र केवट नामक युवक का एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद उसे इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया था। घायल युवक के साथियों ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि शासकीय जिला अस्पताल कटनी में पुष्पेंद्र को बेड तक नसीब नहीं हुआ। इसी वजह से वे लोग आज उसे कटनी से रीवा ले जाने के लिए आए थे। घायल युवक के साथी विष्णु दत्त पांडे ने कहा कि उन्हें शासकीय जिला अस्पताल कटनी में स्ट्रेचर तक नसीब नहीं हुआ मजबूर होकर वे लोग हाथ ठेला लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और मरीज को किसी तरह बाहर निकाल कर अपनी गाड़ी तक लेकर आए। इस मामले को लेकर बातचीत करते हुए एडीएम संस्कृति मिश्रा ने कहा की मुझे इस प्रकरण की जानकारी नहीं थी। मीडिया के द्वारा यह प्रकरण मुझ तक पहुंचाया गया है। मामले की जांच कराई जाएगी और जो भी कमियां हैं उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

### नदियों से कब्जा हटाने की मांग को लेकर आंदोलन 8 जुलाई को

**कटनी।** शहर की नदियों का सीमांकन कराकर भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने के लिए आठ जुलाई को आमजन के द्वारा जन आँदोलन कर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह आँदोलन पर्यावरण मंच के बैनर तले किया जाएगा। पर्यावरण मंच के जिला संयोजक प्रशांत कुमटाकर ने बताया कि यह जन आँदोलन समाजसेवी कमलेश पटेल के नेतृत्व में किया जाएगा। आँदोलन की शुरुआत सुबह 11 बजे माई नदी से होगी जिसमें नगर वासियों के द्वारा पैदल मार्च करते हुए नगर निगमायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। पैदल मार्च माई नदी से प्रारंभ होकर खिरहनी ओव्हर ब्रिज,गर्ग चौराहा,टिकिया मल चौराहा,सिल्वर टाकीज,सुभाष चौक, अहिंसा तिराहा होते हुए नगर निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार माई नदी,जालंगार नदी (रपटा नदी),बाबा घाट,कटनी नदी,दुगाड़ी नाला (निवार नदी) के तटों को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने की माँग ज्ञापन में की गई है।

## पानी में डूबने से बालिका एवं गाज की चपेट में आने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खितौली वार्ड क्रमांक 9 स्थित दर्जिन घाट में एक बालिका की डूबने से मौत हो जाने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार भरत कोल की 12 वर्षीय पुत्री की नदी में डूबने से मौत होना बताया जा रहा है। लड़की अचानक से लापता हो गई थी। सुबह 6 बजे कोटवार सोहन दाहिया के माध्यम से मिली जानकारी से खितौली चौकी प्रभारी केके पटेल, आरक्षक आशीष पटेल घटनास्थल पर पहुंचे तथा पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही में पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। यह हादसा कैसे हुआ, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### किसान पर गिरी आकाशीय बिजली



इसी तरह माधव नगर थाना अंतर्गत निवार चौकी के देवरी सानी गाँव में गांज की चपेट में आने से किसान की घटनास्थल पर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवरी सानी निवासी रामजी चौधरी 28 वर्ष शुक्रवार दोपहर अपने खेत में कार्य कर रहें थे। इसी दौरान अचानक मौसम बदला और तेज गरज के साथ बिजली गरजने लगी। वे बारिश से बचने एक महुए के पेड़ के नीचे छिप गए। इसी दौरान पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव पीएम के लिए भेजा और घटना को जांच में लिया है।

## विवाहिता की मौत पर परिजनों ने हत्या के लगाये आरोप

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम पतेहरा में एक नव विवाहिता की मौत के बाद मायके वालों ने मृतका के पति पर हत्या के आरोप लगाए हैं। नव विवाहिता की मौत हो जाने के बाद पुलिस ने शव परीक्षण करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार 27 जून को रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम पतेहरा निवासी आनंद कुमार पिता गोबिंद कुमार की पत्नी की फांसी लगाने के कारण मौत हो गई। नवविवाहिता की मौत के बाद मृतिका के पिता ने देवी सिंह ने कहा की दामाद ने ही उसकी बेटी को फांसी लगाकर मार डाला। मृतिका के पिता ने कहा कि हम लोगों को गुरुवार दोपहर यह सूचना दी गई कि आपकी बेटी की तबीयत ठीक नहीं है। आप लोग जल्दी आ जाइए। जब हम लोग यहां पहुंचे तो बेटी को मरा पाकर हम लोग हैरान रह गए। रीठी थाना अंतर्गत पटेहरा मे महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से क्षेत्र में खलबली मच गई। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। इस मामले में मायके वालों के आरोपो को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रकरण की बारीकी से जांच करनें में जुटी हुई हैं। शव का पीएम रीठी स्वास्थ केंद्र में किया गया है और मामले की जांच पुलिस कर रही है।

## छात्र छात्राओं को नशा नहीं करने दिलाई शपथ



अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के मौके पर शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबिन क्लब के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस मौके पर छात्रों को नशा न करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अभिलाषा चौरसिया ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी लगातार नशे से ग्रस्त होती जा रही है। ऐसे में इस मानसिक बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए सभी को जागरूक करने की जरूरत है।उन्होंने ने नशा करने से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए छात्रों एवं लोगों को नशा न करने और युवाओं को इसके चंगुल से बाहर निकालने के प्रति जागरूक किया गया। क्रीड़ा अधिकारी ड़ॉ .आशीष पाण्डेय ने भी छात्र छात्राओं को बताया कि नशा इंसान को कई प्रकार से हानि पहुँचाता है।हमें स्वयं जागरूक होकर अन्य व्यक्तियों को भी नशे के विरुद्ध जागृत करना होगा।उन्होंने कभी भी नशा न करने की छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई।इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों और छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## सीएनडी अपशिष्ट का किया संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम द्वारा नागरिकों की सहभागिता के साथ जारी स्वच्छता अभियान के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। महापौर प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन एवं निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में नगर में दिनांक 25 जून 2024 को एक दिवसीय अभियान का आयोजन करते हुए निर्माण एवं विध्वंस सामग्री के संग्रहण का कार्य किया गया। नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन एवं उनकी सहयोगी संस्था ओम सांई विजन के सदस्यों एवं अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों द्वारा इस एक दिवसीय अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 चन्द्रशेखर आजाद एवं वार्ड क्रमांक 23 रघुनाथगंज वार्ड स्थित रामलीला मैदान में अनाधिकृत रूप से पड़ी हुई सीएनडी अपशिष्ट का संग्रहण किया गया तथा प्रशंसकरण इकाई तक परिवहन किया गया। इसके साथ ही सहयोगी संस्था के सदस्यों द्वारा लोगों को सीएनडी अपशिष्ट को बाहर न फेंक कर नगरीय निकाय को देने एवं ऐसा न करने पर चलानी कार्यवाही किए जाने हेतु जानकारी दी गई साथ ही सभी से अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने हेतु सहयोग की अपील की गई।

अभियान के दौरान अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र प्यासी, ब्रांड एम्बेसेडर आशुतोष मानके, प्र.वार्ड दरोगा अतुल गुप्ता, आरिफ खान, राहुल करियार, मनीराम बैग आदि की उपस्थिति रही।

## जन भागीदारी से विस्तारित तालाब में संग्रहित हुआ पानी

# प्री-मानसून की बारिश में ही तालाब में पानी के भराव से ग्रामीणों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले मे संचालित हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान सृजित हुई जल संरचनाओं और जीर्णोद्धार के कार्यो में जल संरक्षण के रूप मे हो रहे जल भराव के रूप मे सुखद परिणाम अब दिखने लगे है। इसी क्रम में जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में जनसहयोग और ग्रामीणों के श्रमदान की नायाब इबारत लिखी गई। जहां चिलचिलाती धूप मे ग्रामीणों ने अपने श्रम बूंदों से सिंचित कर विरासन माता मंदिर के पास के तालाब का विस्तारीकरण कार्य किया गया था। जिसमे अब प्री -मानसून की ही बारिश में ही पानी इकट्ठा हो गया है। तालाब मे हुए जलभराव से ग्रामीण जन खासे प्रसन्न है।

कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान जिले भर में करीब 13 सौ जल संरचनाओं का निर्माण और पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और मरम्मत कार्य किया गया। इन जल संरचनाओं मे बारिश के दौरान करीब 2 लाख क्यूबिक मीटर जल भराव अनुमानित है। जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान पूर्व से प्रगतिरत कार्यो के साथ - साथ नवीन कार्यो को भी चिन्हांकित किया जाकर भौतिक रूप से कार्य प्रारंभ कराये गए है।

सहायक परियोजना अधिकारी डॉ0 अजीत सिंह ने बताया कि विरासन माता मंदिर के समीप जल संवर्धन अभियान के दौरान तालाब विस्तारीकरण कार्य पर ग्रामीणों से 3147 मानव दिवसों का सहयोग मिला। इस कार्य को पूर्ण करने मे इस जनभागीदारी की लागत राशि करीब 5.50 लाख रूपये है। पूर्ण जल भराव की स्थिति में इस तालाब मे करीब साढे.9 हजार क्यूबिक घन मीटर जल भराव अनुमानित है।

वर्तमान मे इस तालाब मे बड़ी मात्रा मे पानी के संग्रहण हो जाने से वन्य जीव और घरेलू जानवरों सहित आम जन के रोजमर्रा का निस्तार सुगमता से होने लगा है।

ग्राम पंचायत कचनारी के स्थानीय निवासी सुरेश कुमार सिंह, कुंती बाई, रधुवर सिंह गौंड ने तालाब मे जलभराव हो जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर हम सभी ने तालाब विस्तारीकरण कार्य में श्रमदान किया था, इससे आज तालाब मे पानी के भराव को देखकर अत्यंत खुशी महसूस हो रही है।

## बीते साल से इस साल 4805 मीट्रिक टन अधिक हुआ गेहूं का उपार्जन

# जिले में कुल 1 लाख 18 हजार 36 मैट्रिक टन गेहूं उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए जिले की सभी आठों तहसीलों में स्थापित उपार्जन केन्द्रों के माध्यम 20 हजार 171 कृषकों से कुल 1 लाख 18 हजार 36 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है, जो पिछले साल समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेंहू से 4805 मीट्रिक टन अधिक है। जिले में कुल खरीदी का सौ फीसदी गेंहूं परिवहन भी किया जा चुका है। विक्रेता कृषकों को उनकी उपज का कुल 282 करोड़ 61 लाख 63 हजार 919 रूपये का भुगतान भी उनके खाते में किया जा चुका है।

### उपार्जन कार्य में तहसील बहोरीबंद रही अग्रणी

जिले की समस्त तहसीलों में किये गए उपार्जन कार्य में तहसील बहोरीबंद द्वारा अग्रणी रहते हुए सबसे अधिक गेंहू का उपार्जन किया है। यहां पर कुल 5456 किसानों से 33 हजार 885 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन कार्य किया किया जाकर संपूर्ण उपार्जित मात्रा का परिवहन भी किया जा चुका है। तहसील बहोरीबंद में विक्रेता कृषकों को 81 करोड़ 16 लाख 75 हजार 324 रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढीमरखेड़ा मे 4479 किसानों से 25 हजार 141 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन किया जाकर संपूर्ण उपार्जित मात्रा का परिवहन किया जा चुका है।

### 60 करोड़ 21 लाख का भुगतान

यहां पर कृषकों को 60 करोड़ 21 लाख 47 हजार 493 रूपये का भुगतान किया जा चुका है। वहीं तीसरे पर तहसील विजयराघवगढ़ मे 2353 किसानों से अब तक कुल 15 हजार 206 मैट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया जाकर संपूर्ण मात्रा का परिवहन भी किया चुका है। यहां पर कृषकों को 36 करोड़ 41 लाख 28 हजार 362 रूपये का भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।

### बड़वारा तहसील सातवें नंबर पर

जबकि चौथे नंबर पर तहसील स्लीमनाबाद में अब तक 1570 किसानों से 10 हजार 824 मैट्रिक टन, पांचवे नंबर पर तहसील बरही मे 1820 किसानों से 8 हजार 876 मैट्रिक टन, छठवे नंबर पर रीठी तहसील में 1647 किसानों से 8 हजार 784 मैट्रिक टन, सातवे नंबर पर तहसील बड़वारा में 1564 किसानों से 7 हजार 897 मैट्रिक टन, के साथ ही बड़वारा तहसील द्वारा अब तक कुल 1282 किसानों से 7 हजार 422 मैट्रिक टन गेंहूं का उपार्जन किया जाकर संपूर्ण गेंहू का परिवहन एवं भुगतान भी किया चुका है।

## पानी आपूर्ति संबंधी शिकायत का कराया त्वरित समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के कुछ ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायतें सामने आने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से उक्त शिकायतों की जांच कराकर पेज्यजल आपूर्ति बहाल कराई गई। जिससे ग्रामीणों ने राहत भरी सांस ली है। विकासखंड कटनी अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी कछगवां में पेयजल संकट गहराने संबंधी शिकायत मिलने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा इसकी तत्काल जांच कर निराकरण करने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए थे। जांच एवम्-मौका निरीक्षण में पाया गया कि गांव में नलजल योजना के नलकूप का जलस्तर कम होने की वजह से नलजल योजना बंद हो गई थी। ग्रामीणों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नवीन नलकूप खनन कर पाईपलाइन के माध्यम से टंकी जोड़कर नलजल योजना विधिवत संचालित की जाकर ग्रामीणों पेयजल की आपूर्ति कराई जा रही है।

इसी तरह विकासखंड कटनी के ग्राम कन्हवारा पेयजल आपूर्ति बाधित होनें की खबर को संज्ञान मे लेते हुए कलेक्टर द्वारा इसकी जांच और निराकरण के निर्देश उर्जा विभाग के कार्यपलन अभियंता दिए गए थे। निर्देश के परिपालन में कार्यपालन अभियंता द्वारा स्थल निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि कन्हवारा में लगे 100 केव्हीए का ट्रांसफार्मर फेल हो जाने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है। कलेक्टर के निर्देश पर ग्रामीणों की सुविधा के मद्देनजर उक्त फेल ट्रांसफार्मर को बदलकर नवीन ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया।

## खबर संक्षेप

### 37 कर्मचारियों का आधे दिवस का वेतन कटा

दमोह। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत शासकीय कार्यालय खुलने का समय प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा 26 जून को प्रातः 11 बजे विभिन्न विभागों के निरीक्षण दौरान 37 कर्मचारी अपने कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होने के आरोप में संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों का 26 जून के आधे दिवस का वेतन काटकर शासन मद में जमा कराया गया है।

### कोपरा नदी में मिला शव

दमोह। पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ के अंतर्गत आने वाले कोपरा नदी के पुल के नीचे शव मिलने की सूचना पर मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच कार्यवाही करते हुए शव की पहचान करवाई तथा पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पहचान मगरोन थाने के रुसंदे निवासी पूरन लोधी पिता प्रताप सिंह लोधी उम्र करीब 52 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार पूरन का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था इलाज भी ग्वालियर अस्पताल में चल रहा था। मृतक के भतीजे तखत सिंह ने बताया कि उनके चाचा पूरन सिंह पिछले दो दिनों से लापता है जो की नरसिंहगढ़ चौकी के अंतर्गत ग्राम खेजरा की कहकर आए हुए थे और वह यहां कैसे पहुंचे और उनकी मौत किस कारण से हुई इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। इस संबंध में चौकी प्रभारी प्रसूता कुर्मी ने बताया कि पंचनामा करते हुए परिजनों की पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को जिला अस्पताल भेज दिया है।

विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न, दिये गये अहम दिशा निर्देश

# जबेरा और नोहटा को नगर परिषद बनाने का प्रस्ताव भोपाल भेजा जायेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में सभी स्कूलों के मरम्मत के काम प्राथमिकता से लिए जाएं ताकि सभी भवनों जिनकी मरम्मत और सुधार आवश्यक है, कराये जा सकें, यह कार्य जिले में गौण खनिज से उपलब्ध राशि में से कराये जायें। उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण स्टॉक आदि की जानकारी लेते हुए सभी जगह उर्वरक समय पर भण्डारण सुनिश्चित करा लिया जाये। आगामी रबी फसल के लिए आवश्यक कार्रवाई अभी से सुनिश्चित कर ली जाए ताकि किसानों के मांग के अनुरूप खाद और उर्वरक उपलब्ध रहे। इस आशय का निर्णय प्रदेश के पशुपालन डेयरी विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल एवं संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी की गरिमामयी मौजूदगी में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में लिये गये। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मालैया, विधायक उमा देवी खटीक जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा सहित जिलाधिकारी मौजूद रहे।



राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा जिन गौशालाएं के कार्य अपूर्ण है, मनरेगा से प्राथमिकता से पूर्ण करायें जायें। उन्होंने कहा पशु बीमा का 85 प्रतिशत सरकार देगी, इसका प्रचार- प्रसार किया जाये और अधिक से अधिक पशुओं के बीमा सुनिश्चित कराएं। दिव्यांग पशुओं को नकली पैर लगाने की योजना सरकार की है काम शुरू कर दिया गया है, अधिकारी इस ओर भी कदम बढ़ाए। किडनी ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को आवश्यक दवा और इंजेक्शन आदि मिले यह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विशेष रूप से सुनिश्चित करें। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा प्रदेश में 406 पशु एबुलेंस लगातार कार्य कर रही है अब इनकी संख्या और बढ़ाई जा रही है। अभी एक लाख पशुओं पर एक एंबुलेंस से अब इसे 50 हजार किया जा रहा है। प्रदेश में 10 गौ-अभ्यारण भी बनाए जा रहे हैं। श्री पटेल ने कहा हटा और पथरिया जबेरा तेंदूखेड़ा सभी स्थानों पर डायलिसिस की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया दमोह में 06 डायलिसिस मशीन है।

बैठक में राज्य मंत्री श्री पटेल ने पंचम नगर परियोजना के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि दी गई अवधि में कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित हो, यह हमारी सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने किसान सम्मान निधि और राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तार से चर्चा कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान पथरिया में पेयजल की समस्या निराकरण सुनिश्चित करने और बस स्टैंड पथरिया के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि नक्शे सुधार का कार्य अभियान के रूप में चलाकर समस्याएं निराकृत कराई जाए। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा जबेरा और नोहटा को नगर परिषद बनाने का प्रस्ताव भोपाल भेजा जाए। उन्होंने 14 जुलाई को जबेरा में होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सम्मेलन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा सीखो कमाओ योजना पर शासन की मंशा अनुसार काम सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा शिक्षक समय पर स्कूल पहुंचे यह सभी जगह सुनिश्चित हो। श्री लोधी ने कहा नोहटा विद्युत पोल फैक्ट्री का काम शुरू कराने की दिशा में काम किया जाए। जहां भी विद्युत लाइन की लीड जली बदली जाए ट्रांसफार्मर जहां भी खराब है, त्वरित गति से बदले जाएं। उन्होंने जबलपुर-दमोह सड़क की मरम्मत के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने ग्राम सकोर सहित अन्य ग्रामों में पेयजल व्यवस्था के संबंध में चर्चा करते हुए जल निगम के अधिकारियों से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने दिव्यांग जनों के उपकरणों के सुधार के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य की शुरुआत कराने के संबंध में बात रखी।

बैठक में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण की कार्रवाई शीघ्र कर ली जाएगी। उन्होंने कहा दमोह में पीजी कॉलेज में बस सुविधा शुरू होने और कालेज चलो अभियान के तहत लगातार कार्यक्रम किये जा रहे है। कलेक्टर श्री कोचर ने आईटीआई के तहत सीखो कमाओ योजना, मेडिकल कॉलेज भवन के संबंध में पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया सारी प्रक्रियाएं पूरी हो गई है और टीम का गठन कर दिया गया है, जो निर्धारित समय पर जाकर वहां की प्रगति से अवगत कराएंगी। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री पीआईयू ने बताया कि रेसिडेंशियल क्वार्टर बन गए हैं, भवन का काम भी शुरू हो गया है, यह भवन 2 साल के अंदर बनकर तैयार हो जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों के विकास कार्यों संबंधी समीक्षा की गई और अधिकारियों को निर्देशानुसार समय सीमा में कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# ग्रामीण बैंक में कियोस्क संचालक ने धोखाधड़ी कर ग्राहक के 20 हजार निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

ऑनलाइन ठगी एवं एटीएम कार्ड से धोखाधड़ी कर पैसे निकाले जाने के मामले तो बहुत सुने होंगे लेकिन नगर के मध्यांचल ग्रामीण बैंक के भीतर संचालित कियोस्क के संचालक द्वारा एक खाता धारक के 20 हजार रुपए निकाले जाने का मामला प्रकाश में आया है जहां पीड़ित ग्राहक ने दमोह पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर राशि वापसी कराए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए लिखित शिकायत आवेदन में उल्लेख कर बताया गया कि विगत 9 अप्रैल 2024 को बिहारी सींग पिता भरोसे सींग लोधी निवासी ग्राम पैरवारा का बैंक खाता नगर के मध्यांचल ग्रामीण बैंक मैं संचालित है। पीड़ित ने बताया कि बैंक के अंदर कियोस्क संचालक आनंद सेन द्वारा अपनी आईडी नंबर 80035484586 के माध्यम से फर्जी रुप से दो बार दस दस हजार रुपए की निकासी की गई जबकि मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के विड्राल पर हस्ताक्षर नहीं किए गए ओर न ही फिंगर लगाए गए यहां तक कि मैं बैंक गया ही नहीं, जिसकी जांच सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से कराई जाए। उक्त पैसे निकाले जाने की घटना के संबंध में जब बैंक मैनेजर से शिकायत की तो वह भड़ककर अभद्र व्यवहार करते हुए कियोस्क संचालक का ही पक्ष करने लगे और किसी भी तरह की जांच करने के लिए तैयार नहीं हुए जिससे यह प्रतीत होता है कि बैंक के भीतर संचालित कियोस्क संचालक से बैंक कर्मचारी मिलीभगत कर ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे हैं जिससे ग्रामीण बैंक के ग्राहक अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। पीड़ित बैंक खाताधारक द्वारा पुलिस अधीक्षक को दी लिखित शिकायत के माध्यम उक्त घटना की जांच कर कर राशि वापस दिलाए जाने व संबंधित कियोस्क संचालक अमर सेन पर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई जिससे अन्य ग्राहक के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी न हो सके।



# करंट लगने से बुजुर्ग की मौत

तेंदूखेड़ा। बुजुर्ग की करेंट लगने से मौत हो जाने का दुखद घटनाक्रम सामने आया है। जानकारी के अनुसार मजबूत पिता भोले घोसी उम्र 67 वर्ष रामदेही निवासी दोपहर के समय अपने घर के बाजू मे झोपड़ी मे त्रिपाल डाल रहे थे। उसी समय 33 केवी लाइन की चपेट में आने से करेंट लग गया जिसमें उनके हाथ पैर बुरी तरह झूलस गये। किसन घोसी रामदेही निवासी ने बताया की उनके ग्राम से 33 के बी लाइन निकली हुई है जिसके तार काफी नीचे झूले हुये है और आज दोपहर के समय चाचा घर के बाजु मे झोपड़ी मे त्रिपाल डाल रहे थे उसी समय उनको करेंट लग गया। मजबूत घोसी को करेंट लगाने की जानकारी लगते ही सैकड़ों की तादात मे रामदेही के ग्रामीण उनको देखने तेंदूखेड़ा स्वस्थ केंद्र पहुँचे जहाँ उन्होंने बताया की केबिल नीची है और आये दिन ग्राम के लोग भय मे रहते है लेकिन आज मजबूत घोसी उसका शिकार हो गया। तेंदूखेड़ा विधुत विभाग के जे ई एम एफ अंसारी से बात की तो उनका कहना है जहाँ जहाँ जानकारी मिली थी मेने समस्याओ का निराकरण कराया है। रामदेही मे मेरे पास कोई जानकारी नही आई लेकिन अब मे केबिल को दिखवाता हुं।

बच्चा 30 अप्रैल तक 3 साल का नहीं तो स्कूल में दाखिला भी नहीं, बच्चों का एक साल हो रहा खराब

# नियमों से बनी मुसीबत : निजी स्कूल नई शिक्षा नीति के प्रावधानों की वजह से नहीं दे पा रहे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

निजी स्कूल नई शिक्षा नीति के प्रावधानों की वजह से नर्सरी में प्रवेश नहीं दे पा रहे हैं यदि आप अपने बच्चों का नर्सरी कक्षा में दाखिला कराना चाहते हैं लेकिन वह 3 साल का नहीं हुआ है तो उसे प्रवेश नहीं मिलेगा। दरअसल नई शिक्षा नीति की वजह से ऐसा हो रहा है। नीति में ऐसा प्रावधान है कि नर्सरी कक्षा के लिए 30 अप्रेल तक बच्चे की उम्र 3 साल होना जरूरी है। यदि 3 साल होने में एक सप्ताह, 15 दिन या एक महीना भी कम होगा तो प्रवेश नहीं मिलेगा। प्राइवेट स्कूल संचालक नियम की बाध्यता होने से तीन साल से कम उम्र के बच्चों को एडमिशन नहीं दे पा रहे हैं। इस तरह इस नियम से बच्चों का एक साल बर्बाद हो रहा है। उधर शिक्षा विभाग के अधिकारी नियमों का हवाला देकर पालन करने की बात कह रहे हैं। हालांकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों का यह भी कहना है कि, राज्य शिक्षा केंद्र का एक नया आदेश भी आया है, जिसमें कुछ रियायत दी गई हैं।नई शिक्षा नीति में नया शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से माना गया है। निजी स्कूल एक संचालक का कहना है कि यह नियम लागू होने से जहां नर्सरी स्कूल वाला बच्चा, बच्ची 3 साल में थोड़ा बहुत भी कम समय रहने पर बच्चों को एडमिशन नहीं दे पा रहे हैं। वहीं इससे बच्चों का साल तो खराब हो ही रहा है। बच्चों की अभिभावक भी परेशान हैं।

### कक्षा तीसरी से कक्षा छठवीं तक नया पाठ्यक्रम

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एक अप्रैल से शुरू हो चुके शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए तीसरी से छठी कक्षा को लेकर नया पाठ्यक्रम और माठ्य-पुस्तकें जारी करेगी। अन्य कक्षाओं के पाठ्यक्रम और पाठ्य- पुस्तकों में कोई बदलाव नहीं होगा। सीबीएसई के अधिकारियों का कहना है कि तीसरी से छठी कक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम और पाठ्य पुस्तकों पर काम हो रहा है और जल्द ही ये जारी की जाएंगी। स्कूलों को सलाह दी जाती है कि वे वर्ष 2023 तक एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पाठ्य पुस्तकों के स्थान पर तीसरी से छठी कक्षा के लिए इन नए पाठचक्रम और पाठ्यपुस्तकों को अपनाएं। नियम प्रभावी नहीं है सरकारी स्कूलों में

### सरकारी स्कूलों पर यह नियम प्रभावी नहीं

खास बात यह है कि इस नियम से एक और जहां निजी स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों को दाखिला नहीं मिलने से यहां उनका एक साल बर्बाद हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी स्कूलों में यह नियम प्रभावी नहीं हो रहा है। इसकी वजह वहां 15 सितंबर तक एडमिशन प्रक्रिया पूरी होना है, जबकि अधिकतर प्राइवेट स्कूलों में अप्रैल में ही प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है।

### नियम को लेकर असमंजस की स्थिति

यह नियम इस वर्ष से नर्सरी के बच्चों पर लागू किया गया है या फिर कक्षा पहली तक लागू है निजी स्कूलों के संचालकों का कहना है कि नियम अनुसार नर्सरी में बच्चों की उम्र 3 वर्ष ,केजी 1 में 4 वर्ष ,केजी 2 में 5 वर्ष एवं कक्षा पहली में प्रवेश लेने पर 6 वर्ष होनी चाहिए लेकिन यह नियम इस वर्ष से नर्सरी पर ही लागू है या फिर कक्षा पहली तक इसको लेकर निजी स्कूल के संचालकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है

### इनका कहना है

इस संबंध में डीपीसी दमोह मुकेश द्विवेदी का कहना है कि शासन का नियम इस वर्ष से लागू हो गया है है नियम तो मानना पड़ेगा नर्सरी में प्रवेश लेने पर बच्चों की उम्र 3 वर्ष पूर्ण होना चाहिए ,केजी 1 में बच्चे की उम्र 4 वर्ष केजी 2 में बच्चों की उम्र 5 वर्ष और जब बच्चा कक्षा पहली में प्रवेश ले तो उसकी उम्र 6 वर्ष होनी चाहिए सरकारी स्कूलों में तो 30 सितंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी होती है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में इस नियम से कोई दिक्कत नहीं होगी। हालांकि प्राइवेट स्कूलों के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने कुछ रियायतें दी हैं।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से महिला की इलाज के दौरान मौत

तेंदूखेड़ा। गुरुवार की शाम तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम दोनी में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 45 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है। ग्राम दोनी से मिली जानकारी अनुसार सुनीता पति मनोज यादव उम्र 45 वर्ष निवासी दोनी जहां गुरुवार की शाम 7 बजे के आसपास अपने घर के पास खेतों में काम करते समय अचानक से आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई जहां घायलों अवस्था में महिला को परिजनों प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन लेकर पहुंचे जहां से महिला को इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। लेकिन मेडिकल कॉलेज में डाक्टर द्वारा महिला को मृत घोषित कर दिया जहां शुक्रवार की सुबह महिला का मेडिकल कॉलेज जबलपुर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। जहां परिजनों द्वारा ग्राम दोनी में अंतिम संस्कार किया वहीं घटना के संबंध में पुलिस को जानकारी दी गई जहां पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# शहर के फुटकर फल दुकानों का किया औचक निरीक्षण

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर के फुटकर फल विक्रेताओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की कार्यवाही में सत्कार लॉज के सामने स्थित असलम खान फल विक्रेता, कचौरा मार्केट स्थित सोहिल राइन, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने स्थित धर्मेंद्र पटेल, दीपक खटीक, राजू खटीक, सचिन खटीक, मुकेश खटीक, सुनील भग्गी, चंद्रमोहन नामदेव सहित एक दर्जन फुटकर फल विक्रेताओं के फलों का निरीक्षण किया। मौके पर विभिन्न किस्म के आमों को पानी में डुबोकर देखा गया। परीक्षण में अधिकतर आम पानी की तलहटी में नीचे डूबते देखे गये जिससे पुष्टि पाई गई कि आम प्राकृतिक रूप से पके हुए हैं। प्रतिबंधित कार्बाइड से पके हुए आम ज्यादा वजनदार होने पर भी पानी में डूबते नहीं हैं। निरीक्षण में किसी भी फुटकर फल दुकान में फलों जैसे आम एवं केला को प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड से पकाते हुए नहीं पाया गया है। मौके पर सभी फुटकर फल विक्रेताओं को सड़े गले,दूषित फलों का भंडारण एवं विक्रय न करने के निर्देश दिए गए हैं।

# शुभ उपयोग रहते हुए भी विषयों की ओर दृष्टि जाती है: आचार्य श्री



कुंडलपुर। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा उपादेयभूत पदार्थ कौन सा है और येभूत पदार्थ कौन सा है ।पढ़ने में तो बहुत कुछ आ रहा है और पहचानने में भी बहुत सारा विषय आ जाता है। बल्कि उसका कोई अंत भी नहीं इसके बावजूद भी ग्रहण करने योग्य जो पदार्थ हैं उसके प्रति आस्था होते हुए भी उसी और उपयोग हमारा रह नहीं पाता। आस्था भी है रुचि भी है इसके बाद भी ऐसा क्यों होता? क्यों होता है ?यह पूछो नहीं हो तो रहा है क्यों नहीं पूछता किंतु नहीं चाहते हुए भी उस और बार-बार उपयोग जा रहा है। उपयोग जा नहीं रहा है हम ले जा रहे हैं ।उपयोग स्वयं हम बुद्धि पूर्वक ले जाते हैं। उस समय वह आस्था क्या काम करती है आस्था का अभाव नहीं शुभ उपयोग का अभाव नहीं सम्यक दर्शन के प्रति पक्षियों का क्षयोपशम अथवा उपशम हो चुका है। मान लो तो शुभ उपयोग हो जाता है किंतु शुभ उपयोग की दशा में भी दशा कुछ अलग ही हो जाती है आत्मा की ।क्योंकि क्षयोपशम सम्यक दर्शन का जो काल बताया है वह 66 सागर प्रमाण बताया। 66 सागर तक का सम्यक दर्शन पदार्थ बना रहता है शुभ उपयोग का काल इतना लंबा चौड़ा है। क्षयोपशम की अपेक्षा इसके बाद भी शुभउपयोग रहते हुए भी विषयों की ओर दृष्टि जाती है। विषयों की ओर दृष्टि जाने मात्र से अशुभ उपयोग हुआ है। ऐसा नहीं कहा गया है कि विषयों की ओर दृष्टि जाते हुए भी विषयों के ग्रहण के भाव होते उस समय भी शुभ उपयोग बना रहता है ।शुभ उपयोग का अर्थ है क्षयोपशम भाव है। किंतु उपयोग किस ओर जा रहा है जिसको हमने हेय के रूप में श्रद्धान का विषय बनाया है उसके बाद भी उसको उठाने का भाव जो आ रहा है यह कौन सा भाव है ।इसको बोलते औदयिक भाव औदयिक भाव के बिना इच्छा संभव ही नहीं। क्षयोपशम भाव तो बना है ,बना है मान रहे हैं पर वस्तु को ग्रहण करने का भाव जो आ रहा है उस समय क्रोध, मान, माया ,लोभ किसी न किसी एक कषाय का उदय हुआ है और उसी उदय में हम जब भी ग्रहण करते हैं किंतु उदय होते हुए भी ग्रहण हो यह भी अनिवार्य नहीं ।बड़ी विचित्र दशा है सम्यक दर्शन छूट रहा है ऐसा नहीं नहीं छूटते हुए भी दशा दुर्दशा हो रही है आत्मा की । ये क्यों? संयम की ओर हमेशा दृष्टि नहीं जाती ।संयम पालन किया जा रहा है लेकिन पालन करते हुए भी फोकस जिसको बोलते हैं उसके ऊपर निर्धारित है ।टॉर्च आपके हाथ में किंतु जिस पदार्थ के ऊपर फोकस किया जाता है किया है वह पदार्थ अच्छे तरीके से प्रकाशित होकर के सामने आता है। अन्य पदार्थ के ऊपर रिफ्लेक्शन पड़ सकता है फोकस नहीं उसमें ।बड़े बाबा का दर्शन कर रहे उस समय आपकी दृष्टि उनके मुख की ओर है यह फोकस बनाया किंतु बड़े बाबा का पूरा का पूरा चित्र वह प्रतिमा आती है सामने लेकिन वह रिफ्लेक्शन। रिफ्लेक्शन इसी को बोलते हैं। ग्रंथ खोल दिया सारे के सारे अक्षर आ रहे हैं देखने किंतु फोकस जिस ओर किया वही अक्षर पढ़ने में आते हैं अन्य अक्षर गौण हैं। इसमें शुभ उपयोग एक प्रकार से बॉर्डर है ऑफलाइन है। सद्भाव में फोकस आपने किसके ऊपर किया है सारा का सारा उतार चढ़ाव निर्धारित है।

# कटंगी में डेढ़ सौ से अधिक गौमाताओं की हत्या के विरोध में जबेरा बंद सफल, सर्वसमाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विगत दिनों कटंगी में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा 150 से अधिक गौवंश की हत्या कर उन्हें जंगल मे फेक दिया जिसके विरोध में जबेरा की सर्वसमाज ने शुक्रवार को जबेरा बंद रख गौवंश की सुरक्षा हेतु विभिन्न मांगों को लेकर भारत के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश, पशुपालन मंत्री मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति एवम पर्यटन मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवम जिला कलेक्टर दमोह के नाम जबेरा तहसीलदार को एक ज्ञापन सौपा जिसमे लिखा गया कि कटंगी में सामूहिक रूप से डेढ़ सौ से अधिक गौ माता की नृशंस हत्या के विरोध में जबेरा बंद कर विभिन्न मांगे शासन प्रशासन से की जाती है ज्ञापन में आगे कहा गया कि विगत दिवस जबलपुर जिला स्थित कटंगी नगर में कुछ असामाजिक तत्वों ने डेढ़ सौ से अधिक गयो का सामूहिक कत्लेआम कर के उनकी अस्थियों को जंगल मे फेक दिया जो कि घोर निंदनीय एवम हर भारतीय की आत्मा को झकझोर कर देने वाला कृत्य है इससे जबेरा क्षेत्र के समस्त निवासी क्षोभ में है और गाय माता की सुरक्षा के प्रति अत्यंत चिंतित हैं। साथ ही आम जनता में इस जघन्य हत्या के खिलाफ तीव्र असन्तोष पनप रहा है। अतः समस्त क्षेत्र वासी आज जबेरा बंद कर अपना विरोध प्रदर्शन करते है एवम निम्न मांगे शासन प्रशासन से करते है कि इन्हें तत्काल पूर्ण किया जाय अन्यथा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। मांगो के रूप में सर्वप्रथम कटंगी में इस घटनाक्रम को घटित करने वाले व्यक्तियों को तत्काल गिरफ्तार कर फाँसी की सजा दी जाए, गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित कर संरक्षित किया जाए,गौवंश का उसकी पूरी उम्र तक किसी भी स्थिति में मांस हेतु विक्रय एवम परिवहन पर पूर्णता प्रतिबन्ध लगाया जाए, गौ मांस हेतु गौमाता के निर्यात पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाया जाए,गौहत्या या अवैध रूप से गौ के परिवहन करते पाए जाने पर वाहन को राजसात किया जाए तथा परिवहन में शामिल व्यक्तियों पर राजद्रोह एवम हत्या के षणयंत्र की धाराओं के तहत कार्यवाही की जाए,जबेरा से निरंतर गौ माता का परिवहन हो रहा जो कि जबेरा पुलिस की निष्क्रिय कार्यवाही के कारण यह हो रहा है जिसे रोका जाए, मुडेरी गौशाला में गौवंश रखने की क्षमता बढाकर 1000 की जाए जिसके लिए तीन शेड एवम भूसा गोदाम एवम एक पार्क बनाया जाए तथा ग्रामीणों की पचास सदस्यी कमेटी बनाकर उसका प्रबंधन किया जाए, गौसेवकों को राष्ट्रीय पर्वो पर प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाये, जबेरा पशु चिकित्सालय में अक्सर चिकित्सक नही मिलते है उन पर कार्यवाही कर उन्हें सदैव उपलब्ध रहने निर्देशित किया जाए,गौवंश के उत्पादों को शासन खरीदकर गौपालन हेतु प्रोत्साहित करे। आम सभा बस स्टैंड पर आयोजित की जिसमे स्वामी रंजीता नन्द जी , पंडित आशीष मिश्रा अश्विनी नामदेव,रविशंकर बाजपेई, गोविन्द तिवारी, संतोष शर्मा , संतोष तिवारी, राजेश सिंघई,डॉक्टर मनोज जैन, आशीष तिवारी सुरेश मिश्रा, संदीप दुबे नीरज जायसवाल, राजेश जॉय, पच अनु बाजपेई रानू नामदेव, अनु दुबे, सरपंच मूरत सिंह ठाकुर मुकेश ठाकुर, बेटी दुबे, विनय अवस्थी, सुदीप अवस्थी, दिनेश साहू, राजा जैन, मनोज चौधरी बेनी नामदेव, अमित तिवारी महेंद्र राठौर , सहित बड़ी संख्या में अन्य गणयमान्य ज़न एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



